हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शनिवार, 13 जनवरी 2024


तापमान

अधिकतम 14.2 डिग्री

न्यूनतम 2.6 डिग्री


11 युवा देश की सबसे बड़ी ताकत उन्हें सकारात्मक दिशा दिखाएं





12 खांडाखेड़ी व पेटवाड़ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा




## खबर संक्षेप

### मिलेनियम पैलेस में महोत्सव 22 को

**हिसार।** श्री रामलीला कमेटी कटला श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को महोत्सव आयोजित करेगी। पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल के सान्निध्य में मिलेनियम पैलेस में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि होंगे।

### श्री कृष्ण सुदामा गोशाला में हवन कल

**हिसार।** चौधरी वास में स्थित श्री कृष्ण सुदामा गोसेवा धाम समिति द्वारा में श्री कृष्ण सुदामा गोशाला (छतरियां वाली) में 14 जनवरी मकर संक्रांति के पावन दिवस पर हवनयज्ञ का कार्यक्रम होगा। समिति के प्रधान संजय डालमिया ने बताया कि 14 जनवरी को सुबह 9:30 बजे पंडित संजीव शास्त्री द्वारा हवनयज्ञ करवाया जाएगा।

### भूगोल शोध में सॉफ्टवेयर व टूल्स की जानकारी दी

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय के सभागार में भूगोल विभाग द्वारा रिसेंट रिसर्च ट्रेंड्स इन ज्योग्राफिकल स्टडीज विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे और तीसरे दिन के मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर आईआईएचएस, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र ने विद्यार्थियों को भूगोल शोध से संबंधित सॉफ्टवेयर और टूल्स की विस्तृत जानकारी दी।

### डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ ने दी हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसायटी एक्ट 2012 के तहत सोसायटी नवीनीकरण के लिए प्राइवेट स्कूल सोसायटी को और समय दिए जाने व लगाए गए जुर्माने को वापस लेने की मांग की है। संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के नेतृत्व में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए स्कूलों को राहत देने की मांग की।

### राम शरणम में लोहड़ी महोत्सव आज

**हिसार।** श्रीराम शरणम आश्रम, अर्बन एस्टेट-।। में 13 जनवरी को लोहड़ी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आश्रम के सेवादार एलडी पोपली ने बताया कि इस दिन सायं 6:45 बजे से 8 बजे तक अमृतवाणी सत्संग एवं भजन-कीर्तन किया जाएगा। इसके बाद लोहड़ी पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### भाजपा नेता राजीव शर्मा को मातृ शोक

**हांसी।** भाजपा नेता व समाज सेवी राजीव शर्मा और संजीव शर्मा पंडित जी बीज वाले की माता 77 वर्षीय चंद्रकांता शर्मा का शुक्रवार दोपहर बाद स्वर्गवास हो गया। चंद्रकांता शर्मा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। उनका दाह संस्कार शनिवार सुबह 11 बजे सिसाय पुल के निकट श्मशान घाट में किया जाएगा।

### मंगाली मोहब्बत के स्कूल में शिविर 15 को

**हिसार।** सूक्ष्म, लघु या मध्यम उद्यम विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 15 जनवरी को गांव मंगाली मोहब्बत स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में क्षेत्र के कारीगरों और शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### 72 बोतल अवैध देशी शराब सहित बाइक सवार काबू

**नारनौंद।** पुलिस की टीम ने एक युवक को 72 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करके थाना नारनौंद में मामला दर्ज किया गया। पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक अवैध शराब लेकर आ रहा है। पुलिस ने गांव गढ़ी आजिमा में दबिश देकर युवक को बाइक सहित पकड़ लिया। आरोपित की पहचान गढ़ी आजिमा निवासी अजीत के रुप में हुई।

# हेलीकॉप्टर में उड़ान भरवाकर बेटे ने माता-पिता की इच्छा पूरी की

## हेलीकॉप्टर से पूरे नंगथला में करवाई पुष्प वर्षा, ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

माता-पिता को हेलीकॉप्टर में उड़ान भरवाकर घुमाने की इच्छा जिले के नंगथला गांव के सतबीर ने पूरी कर दी। उसने शुक्रवार को अपने बुजुर्ग माता-पिता को हेलीकॉप्टर में सैर कराई। इसके तहत तय कार्यक्रम अनुसार हेलीकॉप्टर ने गांव के सरकारी स्कूल में बने हेलीपेड से उड़ान भरी। इस दौरान सतबीर ने अपने बेटे विकास तथा पुत्रवधू को भी हेलीकॉप्टर में सैर करवाई।

गांव में पहुंचे हेलीकॉप्टर को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी। सतबीर जहां अपने बुजुर्ग माता-पिता को हेलीकॉप्टर में सैर करवा रहा था वहीं हेलीकॉप्टर से पूरे नंगथला गांव में पुष्प वर्षा भी की गई। हालांकि गांव में हेलीकॉप्टर सुबह ही पहुंचना था, लेकिन धुंध के चलते दोपहर तीन बजे हेलीकॉप्टर गांव में पहुंचा।





हिसार। हेलीकॉप्टर से नीचे उतरता सतबीर का बेटा व पुत्रवधू तथा माता-पिता को हेलीकॉप्टर में घुमाने के बाद परिवार के साथ सतबीर।

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी तैनात रही।

जिले के नंगथला गांव निवासी सतबीर सिंह हरियाणा रोडवेज में परिचालक पद पर कार्यरत है। पिछले माह उसके बेटे विकास की शादी थी। उसकी इच्छा थी कि उसकी पुत्रवधू हेलीकॉप्टर में आए। इसको लेकर उसने तैयारी की, हेलीकॉपटर की बुकिंग के लिए एडवांस पैसे भी जमा कराए, लेकिन पूरे प्रयास के बावजूद वह हेलीकॉप्टर नहीं ला सका। तब तक पुत्रवधु के हेलीकॉप्टर में लाने की बात पूरे क्षेत्र में फैल गई थी। हेलीकॉप्टर न आने पर सतबीर के परिवार की लोग मजाक भी उड़ाने लगे थे।

### मन में बैठ गया लोगों को किया मजाक

सतबीर का कहना है कि लोगों द्वारा मजाक करने की बात उसके मन में बैठ गई। हेलीकॉप्टर न आने से उसका मजाक बनाया गया, उसने टेंट हाउस के मालिक के माध्यम से हेलीकॉप्टर की बुकिंग करवाई थी। टेंट वाले को हेलीकॉप्टर बुकिंग के लिए कुछ पैसे एडवांस दिए थे लेकिन टेंट वाला उसके बावजूद भी हेलीकॉप्टर उपलब्ध नहीं करवा सका। बेटे विकास की शादी में पुत्रवधू को हेलीकॉप्टर में लाने की इच्छा उसके मन में ही रह गई, लेकिन उसने हार नहीं मानी और अंततः शुक्रवार को हेलीकॉप्टर मंगवाकर अपने बुजुर्ग माता-पिता को आसमान की सैर करवाई।

## हिसार और आसपास के एरिया में पड़ रही कड़ाके की ठंड

# पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी से कांपा मैदानी इलाका

- घने कोहरे तथा शीत लहरों के चलते जनजीवन प्रभावित
- रेल और बस सेवाओं पर भी पड़ा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी के चलते हिसार और आसपास में क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले दो दिन खिली धूप के बाद शुक्रवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे में दृश्यता बिल्कुल कम हो गई। यातायात की स्पीड पर ब्रेक लगा हुआ था। वाहन चालक दिन के समय में ही लाइटों का प्रयोग कर रहे थे। उधर, धुंध के चलते कई जगहों पर रोडवेज की बसें भी अपने तय समय से लेट चलीं। शनिवार को लिए आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है।

***पाला बनने की प्रक्रियाः*** सर्द मौसम में जब तापमान हिमांक पर या इससे नीचे चला जाता है तब वायु में उपस्थित जलवाष्प बिना द्रव रूप में परिवर्तित न होकर सीधे ही सूक्ष्म हिमकणों में परिवर्तित हो जाते हैं। इसे ही पाला पड़ना या बर्फ जमना कहा जाता है। दोपहर बाद हवा के न चलने तथा रात में आसमान साफ रहने पर पाला पड़ने की संभावना ज्यादा रहती है। राज्य में पाला आमतौर पर दिसंबर से फरवरी के महीने में ही पड़ने की संभावना बनी रहती है। फसलों व सब्जियों व छोटे फलदार तनों, फूलों, फलों में उपस्थित द्रव बर्फ के रूप में जम जाता है तथा ये पौधों की कोशिकाओं को नष्ट कर देते है।



हिसार। सरसों की फसल पर छाया घना कोहरा। फोटोः हरिभूमि

### पाले से फसलों का ऐसे करे बचाव

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार पाले का हानिकारक प्रभाव अगेती सरसों, आलू, फलों व सब्जियों की नर्सरी तथा छोटे फलदार पौधों पर पड़ सकता है। इससे बचाव के लिए किसान यदि पानी उपलब्ध हो तो विशेषकर ऊपर लिखित फसलों, सब्जियों व फलदार पौधो में सिंचाई करें ताकि जमीन का तापमान बढ़ सके। किसान खेत के किनारे पर तथा 15 से 20 फीट की दूरी के अंतराल पर जिस और से हवा आ रही है रात्रि के समय कूड़ा कचरा सूखी घास आदि एकत्रित कर धुआं करना चाहिए ताकि वातावरण का तापमान बढ़ सके। इससे पाले का हानिकारक प्रभाव न पड़े। सीमित क्षेत्र में लगी हुई फल व सब्जियों की नर्सरी को टाट, पॉलीथिन व भूसे से ढके।

### पाला जमने की आशंका

मौसम में हुए बदलाव के चलते रात्रि तापमान में एक बार फिर गिरावट आ गई है। करीब 3.7 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने से ठंड का प्रकोप बना रहा। रात्रि पारा में और गिरावट आने की संभावना है। नमी की मात्रा बढ़ने से सुबह घना कोहरा छाया रहा। जिले के गांव बालसमंद गांव का पारा शून्य के करीब पहुंचा गया। बालसमंद को रात्रि पारा 0.4 डिग्री रहा, जबकि हिसार का न्यूनतम पारा 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर शीत लहर चली शीत लहरों के कारण लोग ठिठुरते देखे गए। धूप निकालने के बावजूद ठिठुरन कम नहीं हुई। कड़ाके की ठंड पड़ को देखते आने वाले दिनों में पाला जमने की आशंका बन गई हैं।

# खानक मामले में क्रेशर मालिकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, चंडीगढ़ में धरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

खानक में क्रेशर का व्यवसाय करने वाले क्रेशर मालिकों ने एचएसआईआईडीसी द्वारा बिना कारण बताए पहाड़ बंद करने के विरोध में एचएसआईआईडीसी, खानक कार्यालय के बाहर शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। खानक डाडम स्टोन क्रेशर एसोसिएशन, ट्रक यूनियन व मजदूर संघ से जुड़े हजारों लोगों ने पैदल मार्च करते हुए एसडीएम, तोशाम कार्यालय जाकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

6 जनवरी को दो लाख टन पत्थर की बोली करवाई गई जिसमें क्रेशर मालिकों ने ऑक्शन द्वारा 6 करोड़ रुपये एचएसआईआईडीसी को जमा करवा दी किंतु एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों ने बिना कारण बताए पहाड़ में कार्य बंद करवा दिया व माल देना शुरू नहीं किया। विरोध में सभी क्रेशर मालिक, मजदूर, दुकानदार, ट्रक मालिक व ड्राईवर बेमियादी धरने पर बैठ गए। क्रेशर स्वामियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही खनन कार्य शुरू न किया तो वे चंडीगढ़ जाकर एचएसआईआईडीसी विभाग कार्यालय के समक्ष धरना देंगे।



हिसार। खानक के क्रेशर मालिक एसडीएम, तोशाम को ज्ञापन देते हुए। फोटोः हरिभूमि



हिसार। पुलिस लाइन स्थित जीओ मैस पहुंचे डीजीपी शत्रुजीत कपूर, साथ है एडीजीपी श्रीकांत जाधव। फोटोः हरिभूमि

## एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने हिसार पहुंचने पर डीजीपी कपूर का किया स्वागत

**हिसार।** राज्य के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर हिसार रेंज के दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हिसार पहुंचे। हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने पुलिस लाइन स्थित जीओ मैस में पहुंचने पर उनका स्वागत किया। उन्हें हिसार पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम में हिसार के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा व पुलिस जिला हांसी के पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद भी उपस्थित थे। हरियाणा के डीजीपी का कार्यभार संभालने के बाद शत्रुजीत कपूर का हिसार रेंज में यह दूसरा दौरा कार्यक्रम है। इससे पहले वे लगभग 4 महीने पूर्व 21 सितंबर को हिसार आए थे। इस दौरान उन्होंने मंडलस्तरीय पुलिस के अधिकारियों की बैठक के साथ-साथ ग्राम-प्रहरियों की बैठक को संबोधित किया था। इस बैठक में सामान्य मुद्दों के साथ-साथ महिला सुरक्षा व नशे के खिलाफ अभियान विशेष मुद्दे रहे थे। हिसार रेंज में अपने दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम के दौरान डीजीपी शत्रुजीत कपूर सिरसा में पांच गांवों को नशा मुक्त गांव घोषित करेंगे।

# कूपन में इनाम निकलने का झांसा देकर दुकानदार की अंगूठी ले उड़े शातिर ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी



- पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन अज्ञात युवकों पर केस दर्ज किया

शातिर ठगों द्वारा जगदीश कॉलोनी स्थित एक किरयाना स्टोर के मालिक को कूपन में इनाम निकलने का झांसा देकर उससे 8 ग्राम की सोने की अंगूठी लेकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग जगदीश कालोनी निवासी अर्जुन की शिकायत पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में अर्जुन ने बताया कि उसकी जगदीश कालोनी में खुराना किरयाना स्टोर के नाम से दुकान है और वह सुबह करीब 9 बजे अपनी दुकान खोल ही रहा था। कि इसी दौरान काले रंग की एक मोटरसाईकिल पर सवार एक व्यक्ति उसके पास आकर रुका और उसे एक कूपन दिखाते हुए कहने लगा की आपको 5 रुपए में 5 कूपन मिलेंगे और कूपन स्क्रैच करने पर आपका गारंटीड इनाम निकलेगा, लेकिन मैंने उस व्यक्ति से कूपन लेने से मना कर दिया। इसी समय दो व्यक्ति और वहां पर आए गए और वो उस युवक के कूपन को स्क्रैच करने लगे और उसके तीनों व्यक्ति उसकी दुकान पर कूपन की पर्ची खोलने लगे और उन तीनों व्यक्तियों ने उसे अपनी बातों में उलझाकर उसको सोने की अंगूठी दिखाने के लिए कहा।

अर्जुन ने बताया कि जैसे ही उसने अपनी अंगुली से अंगूठी निकालकर एक व्यक्ति के हाथ में दी तो उसने वह दूसरे व्यक्ति को दे दी और उसके बाद वह तीनों उसकी अंगूठी को लेकर बात करते हुए पास की गली में चले गए और उसके बाद वहां से फरार हो गए।

# आर्थिक तंगी के चलते युवक ने किया सुसाइड, मामला दर्ज

**हांसी।** बस स्टैंड के समीप फिरकी वाली गली में फड़ी लगाकर कपड़े बेचने वाले एक 28 वर्षीय युवक ने बृहस्पतिवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, लेकिन युवक के परिजनों ने उसके ही गांव के एक युवक पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने फिलहाल मृतक के पिता के बयान पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है। नागरिक अस्पताल में मामले की जानकारी देते हुए मृतक उत्तरप्रदेश के मुजफरनगर जिले के गांव बवाना निवासी ललित के पिता बीर सिंह ने बताया कि उसका लड़का हांसी बस स्टैंड के पीछे फिरकी वाली गली में फड़ी लगा कर करीब एक साल से कपड़े बेचने का कार्य करता था उसके साथ ही मेरे गांव का लड़का अजीत सिंह नौकर बनकर उसके पास आया था और अब मालिक बनकर रहने लगा था। बीर सिंह ने बताया कपड़े की फड़ी लगाने के लिए खरीदे गए कपड़ों के लिए सारे रुपये उसने लगाए थे, लेकिन अजीत ने धीरे-धीरे उसके लड़के से कपड़े का कारोबार व उसके रुपये हथिया लिए और कपड़े बेचने पर जो रुपये मिलते वह अजीत ले जाने लगा और धीरे-धीरे उसके लड़के को कर्जवान बना दिया। जब उसके लड़के ने अजीत को बिक्री के रुपये ले जाने से रोका तो उसने 4-5 बदमाश बुला कर ललित की पिटाई करवा दी थी। जब उन्होंने पुलिस को शिकायत देने के लिए कहा तो उसके लड़के ललित ने यह कहते हुए रोक दिया कि यदि हमने पुलिस को शिकायत दी तो मैंने अजीत से जो रुपये लेने हैं वह नहीं आएंगे।

- परिजनों ने गांव के युवक पर लगाया आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप



हिसार। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान सिंह पांडे का स्वागत करती प्राचार्या डॉ. नीलम।

# कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पांडे ने किया निरीक्षण

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज में तृतीय बालिका वाहिनी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान सिंह पांडे ने आर्मी विंग गर्ल्स का निरीक्षण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीलम सिंह ने उनका विधिवत स्वागत किया। कर्नल पांडे ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए जीवन में सकारात्मक एवं ऊजार्वान बने रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कैडेट्स को राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई दी। कैडेट खुशी, जानवी, रूबल तथा प्रियंका ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सूबेदार मेजर यशपाल शर्मा, कैप्टन सरोज मलिक, बीएचएम बलदेव सिंह आदि मौजूद थे।



हिसार। केन्द्रीय गृह मंत्री से बातचीत करते बिश्नोई महासभा का प्रतिनिधिमंडल।

# कुलदीप बिश्नोई के नेतृत्व में महासभा प्रतिनिधिमंडल मिला अमित शाह से

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के संरक्षक एवं 'बिश्नोई रत्न' कुलदीप बिश्नोई के नेतृत्व में महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने गत रात्रि केन्द्रीय गृह अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। बैठक में केंद्र में बिश्नोई जाति को आरक्षण देने को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री से विस्तृत चर्चा हुई और अमित शाह ने इस मामले में सकारात्मक जवाब देते हुए अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द इस दिशा में वे प्रयास करेंगे।

कुलदीप बिश्नोई ने इस दौरान उन्हें फाल्गुन मेले में मुकाम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचने के लिए भी उन्हें निमंत्रण दिया। इस दौरान लालासर साथरी के तहंत संत स्वामी सच्चिदानंद, अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेन्द्र बुडिया, पूर्व सांसद जसंवत सिंह बिश्नोई भी साथ थे। कुलदीप बिश्नोई ने उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि महासभा के अध्यक्ष देवेन्द्र बुडिया के नेतृत्व में मुकाम से दिल्ली तक सद्भावना पैदल यात्रा भी निकाली गई।

## जीजेयू में उमंग-2024 यूथ फेस्टिवल फॉर सीए स्टूडेंट का आयोजन

# भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं चार्टेड अकाउंटेंट : दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था को पूरी दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेवारी युवा चार्टेड अकाउंटेंट के हाथों में हैं। उन्होंने सीए स्टूडेंटों का आह्वान करते हुए कहा कि वे देश को आगे बढ़ाने तथा टैक्स सिस्टम में और ज्यादा पारदर्शिता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उप-मुख्यमंत्री शुक्रवार को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय स्थित सभागार में आयोजित उमंग-2024 (यूथ फेस्टिवल फॉर सीए स्टूडेंट) को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी मुख्यतः देश के आर्थिक क्षेत्र के चार्टेड अकाउंटेंट हैं। सभी प्रकार के टैक्सों को खत्म करके केंद्रीय जीएसटी सिस्टम बनाया गया है, जिसकी पूरी रूपरेखा सीए द्वारा तैयार की गई।

आज के समय हरियाणा का जीएसटी संग्रहण भारत के अग्रणी राज्यों में हैं। भारत पूरी दुनिया में मेडिकल हब व डॉक्टरों के बाद सीए उपलब्ध करवाने वाला अग्रिण देशों की पंक्ति में है। अमेरिका जैसे देश भी टेली जैसे सॉफ्टवेयरों के कार्यों के लिए भारतीय सीए पर निर्भर रहते हैं। सीए की आने वाली पीढ़ियों के लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने के लिए सरकार का पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।




हिसार। उमंग-2024 फेस्टिवल में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर खादी बोर्ड के चेयरमैन राजेंद्र लितानी, जिला अध्यक्ष अमित बूरा, पूर्व एक्स सर्विसमैन लीग अध्यक्ष राम अवतार धारीवाल, एनआईआरसी के चेयरमैन परमजीत सिंह, वाईस चेयरमैन अमित छाबड़ा, गौरव गर्ग, गौरव अग्रवाल, पवन मित्तल, विशेष भारद्वाज, अमन बंसल सहित अन्य सीए व स्टूडेंट उपस्थित थे।

### अप्रैल में हिसार हवाई अड्डे से शुरू होंगी हवाई सेवाएं

**हिसार।** उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस वर्ष अप्रैल तक हिसार हवाई अड्डे से देश के विभिन्न महत्वपूर्ण शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरू हो जाएंगी। अप्रैल माह से दो डेडिकेटेड 48 टू 70 सीटर एलायंस एयर के प्लेन हिसार और अंबाला को सर्व करेंगे। प्रथम चरण में दिल्ली-हिसार-अहमदाबाद-जयपुर-हिसार और हिसार से वापिस दिल्ली व दूसरा दिल्ली-हिसार-जम्मू-हिसार से वापिस दिल्ली तथा तीसरा जो सप्ताह में एक दिन चंडीगढ़ की कनेक्टिविटी देहरादून-कुल्लू तक चलेगा। उप-मुख्यमंत्री ने बताया कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल का टावर, रनवे के दोनों तरफ बनने वाले ड्रम का कार्य तथा टर्निमल बिल्डिंग की एक्सटेंशन संबंधी कार्य भी शीघ्र पूरा हो जाएगा।



दुनिया में सबसे तेज जानवर चीता है, जो 70 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ सकता है।



सबसे ऊंची उड़ान भरने वाला पक्षी गिद्ध है, जो 11,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है।

# सीसीसी क्या है, इस कोर्स को करने के क्या हैं फायदे



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

क्या आपने कभी सीसीसी कोर्स के बारे में सुना है। यह एक कंप्यूटर कोर्स है। इस कोर्स की शुरुआत कंप्यूटर लिटरेसी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। आज हमारे इस आर्टिकल में हम आपको सीसीसी कंप्यूटर कोर्स से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने जा रहें है। सीसीसी का पूर्ण रूप है (कोर्स ऑन कंप्यूटर कांसेप्ट)। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। रोजगार पाने और करियर बनाने में कंप्यूटर का ज्ञान हमारी बहुत अधिक मदद करता है। नई-नई जॉब पाने के लिए कंप्यूटर कोर्स अनिवार्य कर दिए गए है। साथ ही यह हमारी दैनिक जिंदगी का भी हिस्सा बन गया है।

## हर माह आयोजन



आपको बता दें कि एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रिोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी) संस्था की तरफ से हर महीने सीसीसी कोर्स का आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सीसीसी कोर्स की परीक्षा का आयोजन होता है, जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए इच्छुक है वह एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन भेज सकता है। इस कोर्स की विशेषता यह है कि कोई भी भारतीय नागरिक इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है। कोर्स के लिए कोई स्पेशल आयु या फिर पात्रता निर्धारित नहीं की गई है। अब इस कोर्स को करने वालों की संख्या भी बढ़ चुकी है क्योंकि कई जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी इजाफा हुआ है। ज्यादातर जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

## इस प्रकार करें कोर्स

सीसीसी कोर्स हेतु आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीसीसी ऑनलाइन अप्लाई फोर्म भरने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुल जाएगा। इस होम पेज पर आपको "**Apply Online**" का ऑप्शन दिखाई देगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही अगले पेज में आपकी स्क्रीन पर बहुत से कोर्स के ऑप्शन दिखाई देंगे। यहां आपको "**IT Literacy Programme**" के सेक्शन में "**Course on Computer Concepts**" के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर नया पेज ओपन होगा, यहां आपको डिक्लेरेशन पर टिक करके "**I Agree & Proceed**" के बटन पर क्लिक कर देना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर फार्म ओपन हो जाएगा। इस फॉर्म में आपको रजिस्ट्रेशन डिटेल्स, एप्लिकेंट पर्सनल डिटेल्स, कांटेक्ट डिटेल्स, एड्रेस डिटेल्स, क्वालिफिकेशन डिटेल्स, एग्जामिनेशन डिटेल्स और पहचान की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको पासपोर्ट साइज फोटो, साइन और अंगूठे का इम्प्रैशन स्कैन करके अपलोड करना होगा। यह करने के उपरांत आपको फॉर्म में दिया गया कैप्चा कोड भरकर डिक्लेरेशन पर टिक करना होगा। इस पूरी प्रक्रिया के बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। आपकी आवेदन प्रोसेस पूर्ण हो जाएगी।

## परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड

जैसा कि आप सभी जानते हैं परीक्षा में प्रवेश करने के लिए सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड दिया जाता है। इस एडमिट कार्ड के जरिए ही आप परीक्षा में बैठने के योग्य होते हैं। ऐसे में सीसीसी परीक्षा के लिए भी कुछ दिनों पहले एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं वह अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीसीसी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही जारी होंगे जिसे सभी छात्र एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन डाउनलोड

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

सीसीसी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुलेगा। होम पेज पर आपको डाउनलोड एडमिट कार्ड का ऑप्शन नजर आएगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने कोर्स की लिस्ट ओपन हो जाएगी। यहाँ आपको **IT Literacy Programme** के सेक्शन में **Course on Computer Concepts** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने वचन पत्र खुलकर आएगा, आपको इसे सावधानी पूर्वक पढ़ना होगा। इसी पेज में आपको नीचे दिए गए डिक्लेरेशन पर टिक करके एग्री के बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए फॉर्म खुल जाएगा। यहां आपको मांगी गई जरूरी जानकारी भरनी होंगी। उसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही आपकी स्क्रीन पर सीसीसी एडमिट कार्ड प्रदर्शित हो जाएगी। अब आप एडमिट कार्ड को सेव करके डाउनलोड कर पाएंगे

### 90 मिनट में हल करने होते हैं 100 प्रश्न

सीसीसी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है। इस परीक्षा में 100 वैकल्पिक प्रश्न आते है। हर प्रश्न एक नंबर का होता है। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाता है। सीसीसी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है तथा छात्रों को उनकी डिवीजन के बेस पर ग्रेड मिलता है। जैसे 50 से कम अंक लेने वाले उम्मीदवार फेल होते हैं, 50- 54 को डी, 55-64 को सी, 65-74 को बी, 75-84 को ए ग्रेड मिलता है।

---

जॉब के साथ-साथ यह वास्तव में एक सराहनीय काम

# बच्चों और गरीब वर्ग की सहायता करना चाहते हैं तो आंगनवाड़ी टीचिंग में बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## महिलाओं के लिए समाज सेवा करने का माध्यम

आ आंगनवाड़ी टीचर बनना अपने आप में ही एक उपलब्धि है क्योंकि आंगनवाड़ी शिक्षक बनकर आप बच्चों और गरीब वर्ग के लोगों की सहायता कर सकते हैं। यह वास्तव में ही एक सराहनीय काम है। इससे आप बच्चों की शिक्षा में सहायता कर सकते हैं तथा गरीब वर्ग के लोगों की भी मदद कर सकते हैं। एक आंगनवाड़ी सहायिका अपने समाज में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने में



अहम भूमिका निभाती है। अगर आपके मन में सवाल उठ रहा है कि आंगनवाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या करना होता है तथा इसके लिए कौन सी योग्यताएं चाहिए होती हैं तो बिल्कुल भी चिंतित ना हो। आज हमारे इस लेख के माध्यम से हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी प्रदान करेंगे। हम यहां पर आपको बताएंगे कि आंगनबाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या-क्या योग्यता होनी चाहिए तथा आप किस प्रकार एक आंगनवाड़ी टीचर बन सकते हैं।



## आंगनवाड़ी शिक्षक बनने के लिए जरूरी शैक्षिक योग्यता

**शैक्षिक योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप कम से कम 12वीं कक्षा पास होने चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से मान्यता प्राप्त बोर्ड से आपकी पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।

**आयु सीमा:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।

**भाषा योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप हिंदी भाषा बोलने में पूर्ण रूप से सक्षम होने चाहिए। आपको बच्चों को सही संज्ञानात्मक पाठ देने में पूरा ज्ञान होना चाहिए।

**प्रशिक्षण प्राप्त करें:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपको संबंधित ट्रेनिंग लेनी होगी। आप स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी अथवा निजी संस्थानों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आपको बाल विकास, शिक्षा में प्रवीणता, बाल संरक्षण आदि के विषयों में गहन ज्ञान लेना होगा।

**योग्यता की जांच:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए, आपको 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको भी बाल विकास या संबंधित विषयों में अवधारणा होनी चाहिए।

**आवश्यक कागजात की तैयारी:** आंगनवाड़ी टीचर के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, आपको जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करनी होगी। आपको अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक कॉपी तैयार रखनी होगी।

**नौकरी के लिए आवेदन:** यदि आपने योग्यता और प्रशिक्षण ले लिया है, तो अपने आस-पास के आंगनवाड़ी केंद्रों में नौकरी के लिए आवेदन कर सकते है। आपको नौकरी के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू पास करना होगा इसके बाद ही आपको नौकरी मिलेगी।

**अनुभव ले :** आंगनवाड़ी शिक्षिका बनने के लिए आपके पास टीचिंग के फील्ड में अनुभव प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए, आप अनुभवी टीचर के साथ सहयोग कर सकते हैं. आप विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं और विभिन्न शिक्षा संगठनों से जुड़कर काम कर सकते हैं।

## बच्चों और माताओं को लाभ

**बच्चों का सम्पूर्ण विकास:** आंगनवाड़ी में होने वाले कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, और मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हैं। यहां बच्चों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक योग्यता, और आत्मविश्वास सिखाया जाता है।

**स्वस्थ रहना:** आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों को स्वस्थ खानपान की सलाह दी जाती है और उन्हें नियमित चिकित्सा परीक्षा का लाभ दिया जाता है।

**पोषण की सुरक्षा:** आंगनवाड़ी में उपलब्ध पोषण सेवाएं बच्चों को सही आहार देने के बारे में जानकारी देती हैं और उनके पोषण स्तर का ध्यान रखती हैं। इससे उनकी गहरी कमजोरी और पोषण संबंधित समस्याओं का समाधान होता है।

**माता की देखभाल:** आंगनवाड़ी में मौजूद मातृ देखभाल सेवाएं माताओं को गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए मदद करती है।



## अलग अलग क्षेत्रों में होते हैं नियमों के अनुसार आंगनवाड़ी पद

अगर हम आंगनवाड़ी में होने वाले विभिन्न पदों की बात करें तो आंगनवाड़ी में कई प्रकार के पद होते है। इनकी संख्या अलग अलग राज्यों के अनुसार निर्धारित होती है। हम आपको यहां इस बारे में पूरी जानकारी दे रहे हैं। आशा करते हैं कि इसके बाद आपको कोई भी आशंका नहीं रहेंगी।

**आंगनवाड़ी सेविका:** आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से बच्चों और माताओं की देखरेख करने का काम करती है। आंगनबाड़ी सेविका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक सुरक्षा संबंधित कार्यों कों संचालित करती है।

**आंगनवाड़ी सहायका:** आंगनवाड़ी सहायका सेविका की सहायता करने का काम करती हैं और उन्हें विभिन्न कार्यों में सहायता उपलब्ध करती है। वे सामान्यतः आंगनवाड़ी सेविका के अधीन कार्य करती हैं। यानी की आंगनवाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी सेविका के अंडर में काम करती है।

**मिशन आंगनवाड़ी सेविका:** कुछ राज्यों में, मिशन आंगनवाड़ी सेविका के पद होते हैं जो सेविका और सहायका के कार्य को पूरा करती है। इनका काम आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के काम को पूरा करना होता है।

**आंगनवाड़ी सहायिका कम और संशोधित संस्करण:** कुछ राज्यों में, आंगनवाड़ी सेविका और सहायका के संशोधित संस्करण होते हैं जो नए नियमों और मानकों के मुताबिक कार्य करते हैं।

## मिलने वाली सेवाएं

**प्री-स्कूल शिक्षा :** आंगनवाड़ी सेंटर में प्री-स्कूल शिक्षा का विकास किया जाता है। यहां बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और कला-संस्कृति के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है।

**पोषण सेवाएं :** आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए पोषण सेवाएं होती है। यहां बच्चों को सही आहार, पोषण और स्वस्थ खानपान के बारे में बताया जाता है।

**मातृ देखभाल सेवाएं :** आंगनवाड़ी में मातृ देखभाल सेवाएं भी मुहैया करवाई जाती है। यहां माताओं को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय, और प्रसव के बाद सही देखभाल और सलाह प्रदान दी जाती है।

**आरोग्य सेवा :** आंगनवाड़ी में आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां पर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। आंगनवाड़ी में और भी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

*सैलरी : आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी की बात करें तो यह 5500 से लेकर 7000 तक प्रतिमाह मिलती हैं। मिनी आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी 4250 से लेकर 5500 तक मिलती है तथा आंगनवाड़ी हेल्पर सैलरी 3250 से लेकर 4000 तक प्रति महीना होती है।*

---

# विद्यार्थियों को सर्दियों में ज्यादा गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

विद्यार्थी जीवन सीखने के लिए होता है, आप विभिन्न विधाओं में कितना परफेक्शन प्राप्त करते हो, ये आपकी लगन पर निर्भर करता है। मानव जीवन में विद्यार्थी बनने की अवधि छह वर्ष से शुरू होती हैं, कुछ पेरेंट्स अपने बच्चो को तीन वर्ष की उम्र में भी स्कूल में डालने का प्रयास करते हैं ये गलत है। बच्चो को उनके बचपन से वंचित नहीं करना चाहिए जिससे की बच्चो का विकास सही ढंग से हो सकें। हमने जो विषय विमर्श के लिए रखा हैं, वो ज्यादा गर्म पानी से स्नान करने के संबंध में हैं। इस विषय को मैंने इस लिए लिया है क्योंकि अक्सर हम देखते है कि घरों में बाथ रूम में शावर लगे हुए हैं और आजकल बच्चे तथा युवा सर्दियों में शावर के नीचे बैठ कर गर्म पानी का आनंद लेते हैं।

## त्वचा ही नही, हार्ट पर भी पड़ता हैं विपरित असर

युवा साथियों, यहां आपके लिए ये जानना अपरिहार्य है कि ज्यादा गर्म पानी शरीर के विभिन्न अंगों पर विपरित प्रभाव डालता है जिसे हम शीघ्र तो महसूस नहीं कर सकते, परंतु कुछ अवधि के बाद इसका असर दिखने लगता हैं। आओ ज्यादा गर्म पानी के नुकसान के बारे में जानते है, लेकिन नुकसान जानने से पहले आप को मैं ये बताना चाहता हूं कि ज्यादा गर्म पानी कौन सा होता हैं, युवाओं आपकी बॉडी का टेंप्रेचर अथवा तापमान 98.4 डिग्री फार्नहाइट होता है या यूं कह सकते है कि 37 डिग्री सेल्सियस होता हैं, आपके स्नान करने के लिए सर्दियों में पानी का उपयुक्त तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री कम या ज्यादा चल सकता हैं, अगर से ज्यादा तापमान है तो वो ज्यादा ही हैं इससे निश्चित रूप में नुकसान होगा। अब ज्यादा गर्म पानी से स्नान के कुछ नुकसान के बारे में जानते है।

1. **ज्यादा गर्म** पानी से नहाने से हमारे सिर के बालों को नुकसान होता हैं, वो कमजोर पड़ने लगते और झड़ने लगते हैं।
2. **आंखों को भी** ज्यादा गर्म से नहाते व्यक्त नुकसान होता हैं क्योंकि जब हम नहाते है तो आंखो में भी गर्म पानी मारते है जिससे आंखो को नुकसान पहुंचता है, रौशनी कम होती हैं।
3. **त्वचा को भी हानि** होती हैं, इससे ज्यादा गर्म पानी शरीर पर रैशेज पैदा कर देता हैं।
4. **ज्यादा गर्म पानी** से स्नान करने से शरीर का तापमान बढ़ता है और उसके कारण शरीर के तापमान को मेंटेन करने के लिए हार्ट को बहुत मेहनत करनी पड़ती है इससे अनावश्यक रूप में हार्ट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं।
5. **ज्यादा गर्म पानी** से स्नान से डिहाइड्रेशन का भी खतरा पैदा होता हैं, शरीर में पानी की कमी होने का डर रहता हैं।
6. **ज्यादा गर्म पानी** से नहाने से रक्तचाप भी ज्यादा होने का खतरा रहता हैं, इसलिए ये तय करना चाहिए कि पानी को बॉडी टेंप्रेचर से पांच डिग्री तक ज्यादा रख सकते हैं इससे ज्यादा स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नही होता।

## पीने में निवाया पानी पीना चाहिए

ज्यादा गर्म पानी से स्नान करने से आपका इम्यून सिस्टम भी कमजोर होता है, और युवाओं में अथवा विद्यार्थियों में जो सर्दी गर्मी सहन करने की शक्ति होनी चाहिए, उसे खो देते हैं। इसलिए आम तौर पर कहा जाता हैं कि पीने के लिए निवाया पानी उपयोग करना चाहिए और स्नान के लिए ठंडा पानी का प्रयोग करना चाहिए, इससे स्वास्थ्य ठीक रहता हैं। प्रिय विद्यार्थियों, आपका ये विद्यार्थी जीवन केवल किताबे पढ़ने के लिए ही नही हैं, ये तो सभी प्रकार से आपको परफेक्ट बनना हैं, आपको विद्यार्थी जीवन में ही स्वास्थ्य के राज जानने है, व्यायाम को जानना है, पौष्टिक भोजन के विषय में जानना हैं, आपको जीवन शैली को बेहतरीन करना है, आपको प्रातः जल्दी उठना सीखना है, आपको व्यायाम, दौड़ लगाना सीखना है, विद्यार्थियों आपको ट्रैफिक के नियम सीखने है, आपको सामान्य सदाचार सीखना है, सामान्य एटिकेट सीखने हैं, आपको विनम्रता जाननी हैं, आपको व्यवहार के त्रिगुण जानने हैं, आपको समय का पालन सीखना हैं, आपको प्रत्येक रिश्ते को जानना तथा निभाना सीखना है, बड़े बुजुर्गों के साथ कैसा व्यवहार हो, वो भी विद्यार्थी जीवन में ही सीखना हैं, आपको संवेदनशीलता सीखनी हैं, जीवन में त्याग, तप सीखना हैं। इसलिए जीवन में स्वास्थ्य संबंधी छोटी छोटी बातों पर ध्यान देने की जरूरत हैं ताकि आप सशक्त बन सको।

## सामान्य ज्ञान

**1.** चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था
(ए) भूराजस्य / लगान
(बी) गृह कर
(सी) चारागाह कर
(डी) जलाशय कर

**2.** चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(ए) परांतक I
(बी) राजराजा I
(सी) राजेन्द्र I
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन-सी उपाधि दी जाती थी?
(ए) क्षत्रिय शिखामणि
(बी) वेडेक्कार
(सी) महादण्डनायक
(डी) धर्मभट्ट

**4.** 'परैया' का अर्थ है
(ए) अछूत
(बी) ब्राह्मण
(सी) क्षत्रिय
(डी) वैश्य

**5.** चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे
(ए) कुलंजु
(बी) काशु
(सी) रूपक
(डी) दीनार

**6.** चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कलाती थी
(ए) प्रभुमान्यम्
(बी) देवदान
(सी) ब्रह्मदेय
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(ए) लोकमहादेवी
(बी) कुंदवा
(सी) अम्मनदेवी
(डी) मधुरान्तकी

**8.** चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल सम्राट थे
(ए) राजराज I
(बी) राजेन्द्र I
(सी) कुलोत्तुंग चोल I

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### एनएसएस इकाइयों ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**हिसार।** डीएन कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा महाविद्यालय के हंसराज हॉल में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्यवक्ता डॉ. आदित्य कुमार ने युवा स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए युवाओं को ड्रग्स, नशा व मोबाइल फोन्स के दुरूपयोग से बचने की अपील की। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चेतन शर्मा, डॉ. इन्द्रजीत सिंह, डॉ. वलेरिया सेठी तथा डॉ. छवि मंगला आदि मौजूद रहे।

### 48 वाहनों के चालान कर एक वाहन को किया इंपाउंड

**हांसी।** सर्दी के मौसम में पड़ने वाली धुंध व कोहरे में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों को हादसों से बचाने के लिए लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ जिला पुलिस हांसी द्वारा शुक्रवार को नेशनल हाईवे नम्बर-9 पर लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ साप्ताहिक अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा 48 वाहनों के चालान कर एक वाहन को इंपाउंड किया गया।

### रुपये लूटने मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने कैमरी रोड पानी की डिग्गी के पास से रुपए छीनने के मामले में दूसरे आरोपित पटेल नगर निवासी अमीन को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि अमीन मामले में पहले आरोपित अक्षय उर्फ गोलू के साथ शिकायतकर्ता ताराचंद से रुपये लूटने की वारदात में शामिल था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। तीसरे आरोपित की तलाश जारी है।

### उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

**हिसार।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने शुकवार को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। उपायुक्त ने बताया कि जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को स्थानीय महावीर स्टेडियम में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को आयोजित की जाएगी। उन्होंने शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य तथा पशुपालन सहित अन्य विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम में सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं वाली सुंदर व आकर्षक झांकियां बनाने के भी निर्देश दिए।

## एचएयू में स्वामी विवेकानंद जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

# युवा देश की सबसे बड़ी ताकत उन्हें सकारात्मक दिशा दिखाएं

■ युवाओं को विवेकानंद की जीवनी से प्रेरणा लेने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा के राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन में सदा उठो-जागो व लक्ष्य की प्राप्ति पर काम करने के लिए प्रेरणा दी। उन्होंने युवाओं को देश की सबसे बड़ी ताकत बताकर उन्हें सकारात्मक दिशा में चलने के लिए आह्वान किया। डॉ. जगबीर सिंह शुक्रवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर ह्यविकसित युवा-विकसित भारतह्ल विषय पर विचार संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। डॉ. जगबीर


**हिसार।** विचार संगोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि डॉ. जगबीर सिंह।

इसमें मुख्य अतिथि थे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अध्यक्षता की। डॉ. जगबीर सिंह ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद की जीवनी से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि युवा शक्ति के दम पर ही भारत को विकसित देशों की लिस्ट में शामिल किया जा सकता है। उन्होंने 1893 में शिकागो में हुई विश्व धर्म परिषद सम्मेलन का जिक्र करते हुए बताया कि वहां स्वामी विवेकानंद को भाषण देने के लिए पहले काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी और दृढ़ता के साथ वहां जगह-जगह भाषण देने शुरू कर दिए। उनकी प्रतिभा देखकर आखिरकार विश्व धर्म परिषद के सदस्यों ने उन्हें भाषण देने के लिए अनुमति प्रदान की। तब स्वामी विवेकानंद ने अपने उद्बोधन में अमेरिकन लोगों को अपना भाई-बंधु बताया, जिससे प्रभावित होकर उपस्थित लोगों ने करीब दो मिनट क उनके लिए तालियां बजाई।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने अपने अध्यक्षीय भाषण में भारत को युवाओं का देश बतलाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश के उत्थान एवं समृद्ध बनाने के लिए बार-बार जागृत करना है ताकि भारत के महान पुरूषों के दिखाए मार्ग व सिद्धांतों पर चलकर युवा साकारात्मक दिशा में काम करें। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, हरियाणा प्रांत की सह-मंत्री मोनिका वर्मा ने सभी का स्वागत कर सर्वप्रथम राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर सभी को बधाई दी।

# रोजगार मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजगढ़ रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को प्लेसमेंट सेल की तरफ से रोजगार मेला लगाया गया जिसमें हिसार डिवीजन के विभिन्न महाविद्यालयों से 350 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मेले में 200 विद्यार्थियों को जॉब ऑफर किया गया।


हिसार। रोजगार मेले में उपस्थित कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी।

इससे पहले महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. दीपमाला ने मेले का शुभारंभ किया और मेले मे आई हुई 23 कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। इस अवसर पर श्रम एवम रोजगार मंत्रालय के उप प्रादेशिक रोजगार अधिकारी योगेश्वर यादव, डॉ. सतीश वर्मा, कॉलेज प्रेस प्रवक्ता डॉ. स्नेहलता, राजपाल, रिटायर्ड सूबेदार दिलबाग सिंह नैन, डॉ. वीनू मेहता, डॉ. एनएस तोमर, डॉ. कुलदीप, डॉ. सरिता, डॉ. सविता, डॉ. सोनिया, डॉ. निशा, डॉ. ज्योति, डॉ. सोनू आदि उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद हमारे प्रेरणा पुंज और उनके दिखाए मार्ग पर चलें युवा : वेद

**बरवाला।** पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता वेद नारंग, भाजपा मंडल बरवाला अध्यक्ष महेश शर्मा तथा भाजपा युवा मोर्चा मंडल बरवाला अध्यक्ष एडवोकेट तरुण मेहता के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र में आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा महासम्मेलन में युवाओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। पूर्व विधायक वेद नारंग ने सुबह युवाओं को पुराने बस अड्डे से पार्टी का झंडा दिखाकर कुरुक्षेत्र में आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा महासम्मेलन के लिए रवाना किया।



### राष्ट्रीय युवा दिवस के परिपेक्ष्य में 55 ने किया रक्तदान

**हिसार।** युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद व राष्ट्रीय युवा दिवस के परिपेक्ष्य में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन गौपुत्र सेना अग्रोहा के तत्वाधान में ओ*म लाइब्रेरी में आयोजित किया गया। इसमें 56 युवाओं ने रक्तदान किया। गौपुत्र सेना हिसार जिलाध्यक्ष महिपाल सोनी व सरपंच ग्राम पंचायत अग्रोहा आत्माराम भुक्कल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सुनील क्रांतिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि गौपुत्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार, विरेंद्र चौधरी व शमशेर आर्य तथा विशिष्ट अतिथि चैयरमैन प्रतिनिधि आनंद काजला और थाना प्रभारी गुरन्मिनदर संयोग नेहरू युवा केन्द्र हिसार से कपूर सिंह आर्य ने शिरकत की। इस मौके पर अमनदीप कुलेरी, प्रवीन कुमार, प्रमोद स्वामी नंगथला, शुभम, चेतना, गुरमीत, गौरव चौहान, अमनप्रीत, कृष्ण मुरारी आदि उपस्थित रहे।

# बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका ने मारी बाजी

■ संक्रांत पर महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में पतंग बनाओ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मकर संक्रांति के अवसर पर अंग्रेजी विभाग द्वारा पंतग बनाओ-पंतग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंतग बनाने और उड़ाने के बहाने बेटियों को ऊंचा आकाश निहारने के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे जीवन में कैरियर की ऊंचाई को भी छू सके। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने सभी


**हिसार।** पतंग बनाओ-पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

छात्राओं को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि हमें शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए ताकि हम क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका मोनिका लोरा के नेतृत्व में छात्राओं ने अंग्रेजी कविता व पक्तियों के माध्यम से पंतग को अद्भुत ढंग से सजाया। इस प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने पूरे उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका रानी ने द्वितीय स्थान व बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सुनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जीजेयू के महिला छात्रावास में लोहड़ी उत्सव मनाया



*हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में लोहड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने तथा कुलसचिव प्रोफेसर विनोद छोकर ने इस आयोजन के लिए छात्रावास प्रशासन को बधाई दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चीफ वार्डन गर्ल्स प्रोफेसर सुजाता सांघी रही। कार्यक्रम के अध्यक्षता डिप्टी चीफ वार्डन डॉक्टर विनीता माथुर ने की। सभी महिलाओं ने लोहड़ी जलाई तथा सभी को रेवड़ी मूंगफली बांटी गई। लोहड़ी के गीत गाए गए। इस कार्यक्रम में छात्रावास की सभी कोऑर्डिनेटर डॉ. ज्योति कटारिया, डॉ. अनु गुप्ता, डॉ . कल्पना, डॉ. अन्जू गुप्ता, वार्डन रितु यादव, कृष्णा देवी, ज्योति मेहता तथा स्टाफ व छात्राएं मौजूद थे।*

## स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें युवा : गायत्री देवी

**हांसी।** भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा की उपाध्यक्ष गायत्री देवी गायत्री देवी के नेतृत्व में काफी संख्या में युवाओं ने कुरुक्षेत्र में आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा महासम्मेलन में भाग लिया। पार्टी कार्यकर्ताओं को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले स्वामी विवेकानंद युवा महासम्मेलन के लिए रवाना करने से पूर्व गायत्री देवी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे प्रेरणा पुंज है हमें उनके दिखाये मार्ग पर चलना चाहि। भाजपा नेत्री गायत्री देवी ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में युवाओं का अहम योगदान रहा है। भविष्य में भी युवा ही पार्टी की रीति- नीति और सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करके भारी बहुमत से केंद्र व हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने का कार्य करेंगे।


**हांसी।** भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा की उपाध्यक्ष गायत्री देवी के नेतृत्व कुरुक्षेत्र रवाना होते युवा भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय में मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों-पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता, विभिन्न प्रकार के मनोरंजन खेल, भाषण प्रतियोगिता, श्लोक उच्चारण इत्यादि आयोजित किए गए।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में सफलता हासिल करने के लिए काम, क्रोध ,लोभ, स्वाद, श्रृंगार कौतुक दायक पदार्थ, अति निद्रा व आलस्य का त्याग करना चाहिए व स्वामी विवेकानंद द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। स्लोगन प्रतियोगिता में अंजलि प्रथम, अंकुश द्वितीय, निकिता तृतीय स्थान पर रहे व सोनू को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर डॉ. शालिनी गुप्ता, डॉ. पूर्णिमा, डॉ. पूनम, डॉ. मोनिका, डॉ. रमेश आदि उपस्थित रहे।



प्राचार्या डॉ. उर्मिल मलिक के साथ स्लोगन प्रतियोगिता के प्रतिभागी।

# युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं स्वामी विवेकानन्द : ढालिया



हांसी। मंडल अध्यक्ष अशोक ढालिया के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होते हुए युवा भाजपा कार्यकर्ता

**हांसी।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष अशोक ढालिया ने शुक्रवार सुबह लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह से सैकड़ों कार्यकर्ताओं को कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा महासम्मेलन के लिए रवाना किया। इस अवसर पर अशोक ढालिया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा बताया गया मार्ग आज 100 से अधिक वर्षो के बाद भी पूरी तरह से प्रासंगिक है व इस मार्ग पर चलकर ही समाज, धर्म एवं देश का उत्थान हो सकता है। ढालिया ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द आज भी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बने हुए है। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अजय भारद्वाज, भाजपा नेता किशोरी नागपाल, विस्तारक चांदवीर सिंह, वजीर मेहरा, सरपंच श्याम खांडा, ओ.पी. बागोरिया, शीतल सिंगला, राजू चायल, विनोद सपड़ा, राजेन्द्र सैनी, कुलबीर खांडा, प्रवीण खींची, गोलू चावला, मदन सिंह, नवीन शर्मा, सुभाष कटारिया, प्रो. अमित वर्मा, मुकेश सैनी, तिलकराज सहित दर्जनों युवा कार्यकर्ता कुरूक्षेत्र के लिए रवाना हुए।

## स्वामी विवेकानन्द जयंती पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



*हिसार। स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर गांव बगला में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव बगला के सरपंच जुगल किशोर, किसान नेता कपूर व युवा नेता ब्लॉक समिति सदस्य प्रदीप बेनीवाल ने की। मंच सचालन जनवादी नौजवान सभा के जिला सह सचिव अमित दिनोदिया व युवा नेता पकंज बगला ने किया। इस मौके पर कराई गई रस्साकशी, बुजुर्गों की दौड़, युवाओं की 100 मीटर की दौड़ व महिला दौड़ में विजेता रहे खिलाड़ियों को स्वामी विवेकानंद की फोटो तथा नए साल का कलेंडर देकर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता का समापन जनवादी नौजवान सभा के जिला प्रधान जितेंद्र बधावड़ ने कहा कि स्वामीजी कहते थे कि आदमी अपने कर्म पर मरता है। इस मौके पर जिला सचिव मुकेश दुर्जनपुर, रजत तायल, मोहित, मुकेश, विक्रम सहारण, आंनद पंच, रजनीश, मनदीप, राहुल, खुर्शीद, अकिंत, हार्दिक, हरिकेश, ओमप्रकाश मलापुर, सूरज डोभी, कपूर बगला, किसान नेता अनिल बैंदा उपस्थित रहे।*

# स्कूल में छात्रों को स्वच्छता का पढ़ाया पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बास में पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व व किशोरावस्था में होने वाले बदलाव के बारे में छात्रों को जागरूक किया गया।

इस दौरान योग कक्षा का आयोजन किया गया जिसमें योगा टीचर स्वीटी ने बच्चों को योग की विभिन्न क्रियाओं की विधि व उनसे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

गीता देवी एनएचएम व पूनम मलिक ने बच्चों को पौष्टिक भोजन के बारे में जानकारी दी। छात्राओं की खून की जांच की गई। जिन बच्चों का हीमोग्लोबिन कम पाया गया उन्हें फल तथा हरी पत्तेदार सब्जियां खाने की सलाह दी गई। स्कूल के प्राचार्य नरेश कुमार यादव और ग्राम पंच रमेश सोनी ने शिविर में पहुंचे विशेषज्ञों का स्वागत किया और छात्रों को जागरूक करने के लिए उनका आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता महेश कुमार ने किया।


**हिसार।** जीवन कौशल विकास शिविर में भाग लेने वाले छात्रों के साथ स्कूल प्राचार्य नरेश यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# प्रदेश को स्वर्ण दिलवाने पर बेटियों का सम्मान

■ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लितानी के हैंडबाल खेल मैदान में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लितानी के हैंडबाल खेल मैदान में राष्ट्रीय विजेता खिलाड़ियों को ग्रामीणों द्वारा सम्मान किया गया। हरियाणा की हैंडबाल खेल टीम में शामिल रचना पुत्री जयबीर, रीना पुत्री सुरेश, सोनिया पुत्री रामदिया का ग्रामीणों फूल मालाओं से स्वागत किया। सम्मान समारोह में उपस्थित विद्यालय स्टाफ की तरफ से राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता डॉ. सुरेंद्र सेलवाल ने बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कोच राजू, बीरेंद्र, नरेश, इकबाल, बलजीत, मास्टर हरिकेश, दर्शन सिंह, सेवा सिंह, बसंत सिंह, पंच दलबीर सिंह, जसबीर आदि ग्रामीण मौजूद थे।



**हिसार।** विजेता लड़कियों को सम्मान देते स्कूल शिक्षक एवं ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### एनएसएस छात्राओं ने मोक्ष वृद्धाश्रम का किया भ्रमण

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से लोहड़ी व मकर संक्रांति के अवसर पर मोक्ष वृद्धाश्रम व मोक्ष मंदबुद्धि महिला आश्रम में मूंगफली, रेवड़ी व मिठाई वितरित की गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने बताया कि महाविद्यालय के ह्लजॉय ऑफ गीविंगह्व मुहिम के तहत महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों व स्वयंसेवकों द्वारा मूंगफली, रेवड़ी व मिठाई एकत्रित की थी, जिसे आज वृद्धाश्रम व महिला मंदबुद्धि आश्रम में वितरित किया गया।

### दिव्यांग केंद्र पर लगेगा निःशुल्क नेत्र शिविर

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में अगले सप्ताह निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे। इस शिविर के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। बस स्टैंड के पास न्यू ऋषि नगर में स्थापित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में किसी भी कार्यदिवस में निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है। ये सभी नेत्र ऑपरेशन जनसहयोग से किए जाते हैं। इसलिए मकर संक्रांति के पुनीत अवसर पर रचनात्मक सोच रखने वाले लोग फ्री नेत्र ऑपरेशन के लिए आर्थिक सहयोग कर सकते हैं।

### मां चंडके देवी मंदिर में मंकर संक्रांति पर मेला कल

**हिसार।** मकर संक्रांति पर सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होने पर प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में 14 जनवरी को मेला आयोजित किया जाएगा। प्रातःकाल पूजा-पाठ व हवन होगा और फिर श्रद्धालुओं में अयोध्या से पूजित अक्षत वितरित किए जाएंगे। मां चंडके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल व महंत आनंद शास्त्री ने बताया कि मंदिर में प्राचीन काल से मकर संक्रांति पर मेला लगाने की परम्परा है। इस मेले में हिसार व आसपास के जिलों से काफी संख्या में श्रद्धालुगण हिस्सा लेंगे।

### क्विज स्पर्धा में सोहम और सुमित रहे प्रथम

**हिसार।** स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद आश्रम ट्रस्ट द्वारा एक इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह क्विज सबके स्वामी जी नाम की पुस्तक पर आधारित था। सब जूनियर कैटेगरी में कक्षा 5 व 6 के विद्यार्थियों में आर्मी पब्लिक स्कूल के सोहम और सुमित ने प्रथम, मोगा देवी मिंडा मेमोरियल स्कूल के करन और गुंजन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### बाइक चोरी गैंग का पांचवां सदस्य गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की वाहन चोरी निरोधक टीम ने डीएसपी गौरव शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोर गिरोह के पांचवें सदस्य गांव धिकताना निवासी जगप्रीत उर्फ प्रदीप को गिरफ्तार कर चोरीशुदा 5 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने चार और आरोपितों गांव कंवारी निवासी नितेश, हसनगढ़ निवासी विक्रम, दनोदा खुर्द निवासी अमित और गांव कंवारी निवासी पवन को गिरफ्तार कर कुल 23 मोटरसाइकिल और दो स्कूटी बरामद की है। मुख्य सिपाही सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा इस मामले में पहले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 15 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की थी।

### गेहूं चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, बाइक बरामद

**हिसार।** सिवानी साबरवास रोड स्थित खेत से गेहूं चोरी के मामले में दो आरोपितों सिवानी बोलान निवासी मनीष उर्फ पाहु और नवदीप उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया गया है। जांचकर्ता एएसआई रामजी लाल ने बताया कि आरोपितों ने 22-23 दिसंबर की रात में सिवानी साबरवास रोड स्थित खेत से बने कमरे से 7 कट्टे गेहूं चुराए थे। पुलिस ने इन दोनों से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व चोरी शुदा गेहूं बरामद किए जा चुके हैं। उन्हें पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

---

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंधु ने किया यात्रा का स्वागत

# खांडाखेड़ी व पेटवाड़ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जन जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा : अजय सिंधु**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद


**नारनौंद।** गांव खांडाखेड़ी में छात्रों को सम्मानित करते हुए भाजपा नेता अजय सिंधु व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंधु ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। सुशासन के साथ अंतिम पात्र व्यक्ति तक जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ पहुंचाना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मोदी की गारंटी वाली वैन गांव-गांव जरूरतमंदों के द्वार तक पहुंच रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करने का आधार साबित होगी। अजय सिंधु शुक्रवार को गांव खांडाखेड़ी और पेटवाड़ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मौजूदा युवा पीढ़ी और भावी युवा पीढ़ी को अमृत काल में देश को विकसित बनाने के संकल्प के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के दौरान 20 पात्र लाभार्थियों की वृद्धावस्था पेंशन बनाई गई 60 आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। उन्होंने पात्र लाभार्थियों और होनहार छात्रों को सम्मानित किया।

नारनौंद के एसडीएम सोनू भट्ट ने स्टालों का अवलोकन कर पात्र लोगो दिए जा रहे लाभ की भी जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जयवीर माजरा, आजाद शर्मा, पार्षद संजय खरब, सुधीर पांचाल, अमित मोर, सरपंच प्रतिनिधि बलजीत, कर्मपाल, सरपंच सतबीर पेटवाड़, बीडीपीओ सत्यवान, एसईपीओ मोहित कुमार व विकास सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नगर निगम प्रशासन पर लीपापोती करने का आरोप

**हिसार।** हिसार संघर्ष समिति ने नगर निगम द्वारा शहर के वार्ड नंबर दो सेक्टर 14 में टूटी हुई सड़कों में बने गड्ढों को सूखी बजरी भरकर लीपापोती करने की कड़े शब्दों में निंदा की है। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण ने बताया कि नगर निगम प्रशासन की इस लापरवाही के कारण सूखी रोड़ी सड़कों पर बिखर गई है, जिससे दोपहिया वाहन फिसलने का डर बना हुआ है, वहीं चौपहिया वाहन से उछलकर यह रोड़ी दूसरे वाहन चालकों व राहगीरों को भी चोटिल कर रही है। चेतावनी दी कि अगर नगर निगम ने जल्द ही इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया तो हिसार संघर्ष समिति लोगों को साथ लेकर आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### सुशील कुमार खुंडिया बने ग्रामीण ब्रांच प्रधान

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की जनस्वास्थ्य विभाग की ग्रामीण शाखा हिसार की बैठक क्रांतिमान पार्क में हुई। बैठक में ब्रांच का त्रिवार्षिक चुनाव प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा की अध्यक्षता में करवाया गया। बैठक में चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर प्रांतीय महासचिव नरेन्द्र धीमान ने शिरकत की। बैठक में चुनाव सर्वसम्मति से करवाया गया, जिसमें रिसाल सिंह जांगड़ा को ब्रांच चेयरमैन, सुशील कुमार खुंडिया को प्रधान, प्रदीप कुमार को सचिव, राजेन्द्र सिंह खारड़िया को वरिष्ठ उपप्रधान, राकेश झाझड़िया को वित्त सचिव व सतबीर सिंह सुरलिया मुख्य संगठनकर्ता चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रांतीय प्रचार सचिव विजय सिंह भादू भी उपस्थित रहे।


**हिसार।** लोहड़ी पर्व मनाते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

# न्यायिक अधिकारियों और बार सदस्यों का सामंजस्य सराहनीय

- लोहड़ी व मकर संक्रांति पर बार एसोसिएशन में हुआ कार्यक्रम
- वरिष्ठ अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश मित्तल ने कहा है कि एक न्यायिक अधिकारी के तौर पर उनकी नियुक्ति प्रदेश के कई शहरों में हुई है परंतु जो आपसी स्नेह व न्यायिक अधिकारियों के साथ वकीलों का सामंजस्य हिसार में है, वह कहीं देखने को नहीं मिला। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश मित्तल शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित लोहड़ी मिलन एवं मकर सक्रांति पर्व में उपस्थित बार सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कि बार व बैंच का आपसी सामंजस्य इसी प्रकार चलता रहेगा। इस दौरान हर वर्ष की भांति लोहड़ी व मकर संक्रांति के अवसर पर जिला बार एसोसिएशन में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिसार बार के प्रधान विनय बिश्नोई ने की जबकि बार के सचिव गौरव बेनीवाल ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों व न्यायिक अधिकारियों सहित अनेक अधिवक्ताओं ने शिरकत की। लोहड़ी व मकर संक्रांति के दिन अदालती अवकाश होने के चलते ये कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के उपप्रधान एडवोकेट विनोद कासवां, सह सचिव परवीन नैन, कोषाध्यक्ष दीक्षेश जाखड़ सहित अधिवक्ता जोगिन्दर मल्ही, पीसी मित्तल, वीरेंदर मलिक, अनिल काकोड़िया, आरके सचदेवा सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।


**हिसार।** विजेता खिलाड़ी प्रियंका को सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### पदक विजेता प्रियंका का गांव धांसू में सम्मान

*हिसार। नई दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सुभाष चंद्रा फाउंडेशन बॉक्सिंग ट्रेनिंग सेंटर गांव धांसू की लड़की प्रियंका ने 45 किलो भार वर्ग में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने गांव का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर धांसू में ग्राम पंचायत व गांव के लोगों ने धांसू गोशाला में प्रियंका व उसके कोच नवीन कुमार का स्वागत किया गया। इस मौके पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि बलजीत सिंह, श्रीराम कामरेड, मनोहर भाकर, फाउंडेशन के खेल इंचार्ज सूबे सिंह बेनीवाल, प्रो. भगवानदास, गोशाला के प्रधान वेद प्रकाश बेनीवाल, हजारी लाल भाकर, लाल चंद, प्रताप आदि मौजूद थे।*

# हांसी में जल्द बनेगा एचएसआईआईडीसी का औद्योगिक सेक्टर

- वरिष्ठ अधिकारी की टीम ने दौरा कर फाइनल की जमीन : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


**हांसी।** औद्योगिक सेक्टर के नक्शे को लेकर अधिकारियों के टीम के साथ विचार-विमर्श करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान हांसी हलके के विकास को लेकर की गई एचएसआईआईडीसी सेक्टर बनवाने की घोषणा जल्द पूरी होने वाली है। इस योजना को फलीभूत करने के लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक संरचना निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने शुक्रवार को हांसी का दौरा कर गांव बीड़ फॉर्म के समीप स्थित कृषि विभाग की जमीन को औद्योगिक सेक्टर विकसित करने के लिए उपयुक्त पाया गया है। जल्द ही हांसी में इंडस्ट्रियल सेक्टर को विकसित करने के लिए प्रस्ताव सरकार को मंजूरी के लिए भिजवाया जाएगा।

विधायक विनोद भयाना ने यह जानकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ढाणी गुजरान तथा प्रेम नगर गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि बीड़ फार्म में कृषि विभाग के पास 250 से 300 एकड़ जमीन उपलब्ध है। लगभग इतनी ही जमीन की आवश्यकता औद्योगिक सेक्टर विकसित करने के लिए पड़ती है।

कृषि विभाग की इस जमीन को हरियाणा राज्य औद्योगिक संरचना निगम लिमिटेड को हस्तांतरण करने के बाद विस्तृत कार्य योजना का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को मंजूरी के लिए भिजवाया जाएगा। इसके तुरंत बाद इस जमीन पर औद्योगिक सेक्टर विकसित करने का कार्य प्रारंभ करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक सेक्टर विकसित होने के बाद क्षेत्र में रोजगार व स्व रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे तथा क्षेत्र का तेजी से विकास भी होगा।

### पांच बुजुर्गों की बनी बुढ़ापा पेंशन

जन संवाद कार्यक्रम में पांच बुजुर्गों ने बुढ़ापा पेंशन बनवाई तथा अनेक लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवा कर निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। आधार कार्ड ,परिवार पहचान पत्र इत्यादि कागजातों में त्रुटियों को मौके पर ही ठीक किया गया तथा कई लोगों ने नए परिवार पहचान पत्र तथा आयुष्मान कार्ड बनवाएं। विधायक ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करने की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के हल्का संयोजक राम अवतार शर्मा, ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय, सरपंच सुरेंद्र गहलोत, सरपंच अरविंद कटारिया, सरपंच प्रतिनिधि विजय फौजी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पटवारी व कानूनगो रहे धरने पर, 16 तक बढ़ाई हड़ताल

**हिसार।** दि रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन जिला हिसार द्वारा मांगों को लेकर शुक्रवार को भी सांकेतिक कार्य बहिष्कार करते हुए जिला मुख्यालय पर 10वें दिन भी धरना प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता जिला के पूर्व प्रधान सुशील कुमार ने की जबकि पूर्व सचिव बलबीर सिंह झाझड़िया ने मंच संचालन किया। धरना को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जिला प्रधान आजाद सिंह बिश्नोई ने कहा कि सरकार न ही जनता के प्रति और न ही कर्मचारियों के प्रति अपना धर्म निभा रही हैं। जिला के पूर्व प्रधान सुशील कुमार ने पटवारी व कानूनगो की मांगों का विस्तार से जिक्र किया। एसोसिएशन के जिला सचिव विकेश कुमार ने बताया कि सरकार के रवैये और हठधर्मिता को देखते हुए एसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार व धरना प्रदर्शन 16 जनवरी तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।



### हरियाणा की कलिंर्ग टीम ने जीते 8 गोल्ड, 13 सिल्वर व 10 ब्रांज मैडल

**हिसार।** तीसरी सब जूनियर,जूनियर व सीनियर कलिंर्ग चैम्पियनशिप जोकि गुलमर्ग (श्रीनगर) में आयोजित की गई। हरियाणा कलिंर्ग के महासचिव स्यीद फिरोज ने बताया कि हरियाणा की कलिंर्ग टीम ने इस चैम्पियनशिप में 8 गोल्ड, 13 सिल्वर व 10 ब्रांज मैडल जीतकर हरियाणा को थर्ड नेशनल कलिंर्ग गेम में फर्स्ट ट्राफी दिलवाकर हरियाणा का नाम रोशन किया। हरियाणा टीम के साथ गये सीनियर कोच रमन लाम्बा और राजबीर मेहड़ा ने बताया कि हरियाणा को फर्स्ट ट्राफी दिलवाने में सबसे बड़ा योगदान हिसार के एशियन स्पोटर्स स्कूल, उमरा जिसके डायरेक्टर संजय मलिक का रहा। कालवास गांव की लड़कियों रेनू भांभु व रिंकू भांभु ने भी अपना दमखम दिखाते हुए हरियाणा को मैडल दिलवाया। नेशनल में अपना लोहा मनवा कर पहुंची हरियाणा की टीम का स्वागत करते हुए संजय मलिक, कीमती लाल लाम्बा व राकेश भांभु ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।



### कर्म का महत्व सर्वोपरि : कर्नल पांडे

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नेशनल कैडेट कोर विभाग में शुक्रवार को प्रेरणा उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे इसमें मुख्य अतिथि थे। कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे ने अपने जीवन के अनुभवों का उदाहरण देते हुए कैडेट्स को बताया कि कर्म का महत्व सर्वोपरि है। उन्होने बताया कि सकारात्मक ऊर्जा, कठिन परिश्रम, और सुविचार को संजोकर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने आत्मविश्वास, स्वास्थ्य, दृढ़ संकल्प और समय नियोजन को सफल जीवन के महत्पूर्ण स्तंभ बताया। परमात्मा व्यक्ति नहीं.. व्यक्तित्व है, जो हर इंसान में पाया जाता है। उन्होंने साधारण जीवन को सर्वश्रेष्ठ बताया। इस दौरान ऑफिसर प्रोफेसर मीनाक्षी भाटिया, सुबेदार मेजर यशपाल, एनसीसी इंस्ट्रक्टर मनीषा पायल, हवलदार बलदेव, सीनियर अंडर ऑफिसर लक्ष्मी, अन्नू यादव, अंडर ऑफिसर कुमुद, पूनम, लांस कॉरपोरल अनु जांगड़ा व अन्य कैडेट्स उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत


**हिसार।** वरिष्ठ भाजपा नेत्री आशा खेदड़ को जिला अध्यक्ष बनाए जाने का गुरु रविदास महासभा ने स्वागत किया है। इस दौरान समाज के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रविदास महासभा के प्रधान एसपी चालिया के नेतृत्व में सभा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा ने समाज की बेटी को जिला प्रधान के पद पर आसीन करके समाज का मान बढ़ाया है। इसके लिए समाज पार्टी का आभारी रहेगा। जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र, जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर प्रसाद महिपाल, रतन सैनी, मुनीश गोयल, रविंद्र रॉकी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस संदेश यात्रा के लिए वरिष्ठ नेता राड़ा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का संदेश देगी कांग्रेस संदेश यात्रा : रामनिवास राड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** 12 क्वार्टर रोड पर क्षेत्रवासियों को रैली का न्योता देते रामनिवास राड़ा। फोटो : हरिभूमि

हिसार की नई सब्जी मंडी में आगामी 17 जनवरी विशाल रैली से कांग्रेस संदेश यात्रा का आगाज होगा। इस संदेश यात्रा में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला, किरण चौधरी के अलावा कांग्रेस के अनेक मंत्री व विधायक शामिल होंगे।

यह बात हिसार से कांग्रेस की सीट पर चुनाव लड़ चुके एवं हिसार में रैली के आयोजक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामनिवास राड़ा ने रैली के चलाए गए जन संपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने 12 क्वार्टर रोड महावीर कॉलोनी, बड़वाली ढाणी, मोहल्ला सैनियान, जयदेव नगर, कृष्णा नगर, पटेल नगर कैम्प, सूर्य नगर, मॉडल टाउन एक्सटेंशन, शिव कॉलोनी, मॉडल टाउन, उत्तम नगर, विजय नगर आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया और शहरवासियों को रैली के निमंत्रण दिया। रामनिवास राड़ा ने कहा कि कांग्रेस की यह संदेश यात्रा प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का संदेश है। भाजपा सरकार में प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गए हैं। महंगाई के चलते आम आदमी के लिए गुजारा चलाना मुश्किल हो गया है। बेरोजगारों युवाओं की संख्या में प्रदेश नंबर वन पर पहुंच चुका है और लगातार बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है। जल्द ही जनविरोधी भाजपा सरकार से प्रदेश के लोगों को मुक्ति मिलेगी और प्रदेश में पुनः कांग्रेस का शासन होगा।

### व्यवस्था परिवर्तन के लिए आम आदमी पार्टी को मौका दे जनता : किरमारा

**हिसार।** आम आदमी पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष दलबीर किरमारा ने कहा कि देश की जनता ने पिछले 75 साल में कांग्रेस और भाजपा का शासन देख लिया है। इन दोनों पार्टियों ने आम आदमी के हितों के लिए काम करने की बजाय केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज भी देश व प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार व महंगाई से त्रस्त है। स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता आज भी तरस रही है। दलबीर किरमारा ने कहा कि आम जनता के हितों के लिए नीतियां बनाने और उनको धरातल पर लागू करने का काम केवल आप पार्टी ही कर सकती है।




